# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 12.10.2024

**एसओजी टीम व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एक्सिस बैंक में हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए 50,000/- का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी धनराशि 30,20,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 01.10.2024 को श्री नमन जैन पुत्र उमेश चन्द जैन ब्रांच मैनेजर एक्सिस बैंक धीमानपुरा शामली द्वारा सूचना दी गयी कि समय करीब 2:00 बजे एक व्यक्ति जो मुंह पर मास्क लगाए हुए था मेरे केबिन में दाखिल हुआ और कुर्सी पर बैठकर एक पत्र दिया पढ़ने के लिए जिसमें लिखा था कि आपके पास 10 मिनट हैं आप मुझे 40 LAKH रुपए दे दो और कहा कि मैं खुद सुसाइड कर लूंगा और आपको मार दूंगा अगर आपने पैसे नहीं दिए उसके द्वारा दिए पत्र कोपढ़ने व उसके हाथ दी गई धमकी से मैं डर गया और मैंने उसको समझाया और कहा कि केबिन में कैश नहीं होता लेकिन वह बार-2 यही दोहराता रहा उसके बाद मैं बहुत ज्यादा डरे हुए होने के कारण अपने बैंक के कैशियर (रोहित कुमार) को बुलाया और उसको बैठाकर सारी स्थिति से अवगत कराया तथा उस अज्ञात व्यक्ति ने कैशियर को भी जो बात मुझसे कही थी वही बात कही, फिर उसने मुझसे कहा कि कैशियर से कहो पैसे लाकर दे वरना मैं तुम्हें गोली मार दूंगा तो मैं कैशियर की तरफ हाथ जोड़कर इशारा किया कि कुछ ना बोले तब कैशियर ने 40,00,000/- रुपये लाकर टेबल पर रख दिए थे जिनको उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने बैग में रख लिया और हम दोनों से कहा कि उसे बैंक के बाहर तक आगे चलकर निकाले और हमें हाथ ऊपर करने के लिए कहा और केबिन से निकालकर हमारे पीछे गन लगा दी और हम दोनों उसके आगे केबिन के बाहर आए। जब उसे LIC के गनमैन ने केबिन के बाहर रोकने के लिए गन उसकी तरफ की तो उस व्यक्ति ने हम दोनों की तरफ गन करते हुए दोबारा से धमकाया तब हम उसके आगे आगे एग्जिट गेट की तरफ आगे बढ़े और उपरोक्त व्यक्ति 02.27 pm बजे पैसों को अपने बैग में कंधे पर लटका कर बैंक के गेट से बाहर निकल गया। वह अज्ञात व्यक्ति मुझे तथा मेरे कैशियर को डरा धमका कर बैंक के 40 लाख रुपए लूट कर ले गया है। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। बैंक लूट की इस सनसनीखेज घटना का संज्ञान लेकर उच्चाधिकारीगण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। बैंक के अन्दर हुई उक्त घटना को लेकर आमजनमानस में काफी रोष था। विभिन्न इलेक्ट्रानिक/प्रिन्ट मीडिया द्वारा उक्त घटना की लगातार कवरेज करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खडे किये गये थे। शासन स्तर पर भी उक्त घटना की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। सनसनीखेज घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा घटना के यथाशीघ्र अनावरण व बरामदगी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक शामली के नेतृत्व में 05 टीमों का गठन किया गया था।

घटना के अनावरण में लगी टीमों द्वारा बैंक के आसपास व शहर में लगे 673 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गयी एवं सर्विलांस(मैनुअली/तकनीकी) से प्राप्त तकनीकी डेटा आदि का अवलोकन व तकनीकी/तार्किक विश्लेषण के माध्यम से अज्ञात अभियुक्त की शिनाख्त करने का प्रयास किया गया। अभियुक्त की शिनाख्त होने पर गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। लूट कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था तदोपरान्त अभियुक्त पर 50,000/- रुपये का पुरस्कार किये जाने की संस्तुति की थी। पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा अभियुक्त पर 50,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 13.10.2024 को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ श्री ध्रुवकान्त ठाकुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर श्री अजय कुमार साहनी के कुशल निर्देशन में पुलिस अधीक्षक शामली श्री

रामसेवक गौतम द्वारा चलाये जा रहे चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण एवं इनमें लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में एसओजी शामली व थाना कोतवाली शामली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एक्सिस बैंक में हुई लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की घटना कारित करने वाले 50,000 रुपये के इनामी अभियुक्त को बलवा चौराहा थाना कोतवाली शामली से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से बैंक से लूटे हुये 30,20,000/- रुपये , घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी) व 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व पिट्ठू बैग बरामद हुये हैं। अभियुक्त को घटना के समय पहने हुए कपडों सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>घटना का उद्देश्य –</u>** गिरफ्तारशुदा अभियुक्त अमरजीत ने बताया कि वर्ष 2018 में मैने अपने गॉव के गुलशन पुत्र जयपाल की पार्टनरशिप में एक 18 टायरा ट्रक खरीदा था । जिसमें हमें घाटा हो रहा था तो मैंने गुलशन से कहा कि मेरा हिसाब कर दे मैं अपनी पार्टनरशिप खत्म कर रहा हूँ, तो गुलशन ने कहा कि जब मेरे पास पैसे होंगे मैं धीरे धीरे तुझे दे दूंगा। इसके बाद मैने वर्ष 2024 में एक 18 टायरा ट्रक खरीदा था। मेरे ट्रक का एक माह बाद ही जोधपुर राजस्थान में एक्सीडेन्ट हो गया, जिस कारण मेरे ट्रक की 2-3 माह की किस्त रूक गयी थी। मैने अपने भाई/रिश्तेदार व गांव के अन्य लोगो से रूपये उधार लेकर ट्रक को ठीक कराया। लेकिन मुझे नुकसान पर नुकसान होता चला गया और मैं कर्ज में डूबता चला गया। मेरे ऊपर कर्जदारों का करीब 18-20 लाख रूपये कर्ज हो गया था। कर्जदार लगातार पैसा वापसी का दबाब बना रहे थे। मैंने सोचा कि मेरा एक्सिस बैंक में खाता है क्यूं ना मैं बैंक में लूट कर अपना कर्ज चुकता कर दूं। मैंने दिनांक 25.09.2024 को एक्सिस बैंक धीमानपुरा शामली में जाकर रैकी की और वापस आ गया। योजनानुसार दिंनाक 01.10.2024 को मैं अपने घर से स्पलेन्डर मोटर साईकिल से (जिसे मैंने अपने रिश्तेदार से दो साल पहले लिया था) की आगे की नम्बर प्लेट पर काली टेप तथा पीछे फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर दो तमन्चे पिट्ठू बैग में रख लिये और मुझे कोई न पहचान पाए इसलिये अपने सिर पर गमछा और चेहरे पर मास्क तथा डाक्टर वाली पट्टी लगाकर दोपहर करीब 02.00 बजे एक्सिस बैंक धीमानपुरा में ब्रांच मैनेजर के केबिन में गया और कुर्सी पर बैठकर मैनेजर को एक पत्र दिया जिसमें मैने लिखा था कि आपके पास 10 मिनट हैं आप मुझे 40 लाख/- रुपए दे दो, नहीं तो मैं आपको मार खुद सुसाइड कर लूंगा। जिस पर मैनेजर घबरा गया और डरकर कैशियर को बुलाकर वह पत्र पढवाया और 40 लाख/- रूपये लाने के लिये कहा कुछ देर बाद कैशियर ने 500-500 के नोटो के बंडल लाकर मैनेजर की टेबल पर रख दिये। बंडलों को मैंने अपने बैग में रख लिया और मैनेजर व कैशियर को तमन्चे दिखाकर डरा धमकाकर बैंक से बाहर आ गया तथा वहां से जंगल के रास्ते वापस आकर एक गन्ने के खेत में घटना के समय पहने हुए कपडे व लूटे गये रुपये छिपाकर देर रात अपने घर पहुंच गया था। बाद में मैंने वहां से रुपये व कपडे उठाकर घर ले आया था। घर पर मैने बैग में से रूपयों को निकालकर गिना तो वह 36 लाख रूपये थे जिन्हें सेफ में छिपा कर रख दिया था। लूटे गये रुपयों में से 87,600/- रुपये इंडस बैंक मुजफ्फरनगर में जमा किये तथा ट्रांसपोर्टर सन्दीप चनोट से उधार लिये 1,50,000/- रुपये व साली (मंजू) से उधार लिये 1,25,000/- रुपये वापस कर दिये एवं करीब 2,00,000/- लाख रुपये खर्च हो गये हैं। अभियुक्त अमरजीत की निशादेही पर ग्राम लिलौन में उसके मकान से बैंक से लूटी गयी धनराशि 30,20,000/- रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस व पिट्ठू बैग बरामद किये हैं। बरामद तमंचे के बारे में अभियुक्त द्वारा बताया कि खुरगान थाना कैराना निवासी दिलशाद से लिया था। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं व विवेचना की जा रही है।

पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर द्वारा पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र व पुलिस अधीक्षक शामली व टीम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्मिकों को डीजी कमेन्डेशन डिस्क प्रदान करने की संस्तुति की गयी। अपर पुलिस महानिदेशक श्री ध्रुवकान्त ठाकुर द्वारा घटना के सफल अनावरण करने वाली पूरी टीम को 50,000/- रुपये के पुरुस्कार से पुरुस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1.अमरजीत पुत्र स्व0 जगवीर सिंह निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.बैंक से लूटी गयी धनराशि कुल 30,20,000/- रुपये।

2.घटना में प्रयुक्त 02 अवैध तमंचे मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3.घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल स्पलैण्डर (फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई)।

4.घटना में प्रयुक्त पिट्ठू बैग (खाली)।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.थानाध्यक्ष श्री समयपाल अत्री थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.निरीक्षक श्री सुदेश कुमार प्रभारी एसओजी टीम जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री फतेह सिंह प्रभारी सर्विलांस सैल जनपद शामली।

4.उ0नि0 श्री पविन्द्र कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

5.उ0नि0 श्री कुलदीप सिंह एसओजी टीम जनपद शामली।

6.है0का0 सोहित कुमार थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

7.है0का0 राजू त्यागी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

8.है0का0 विकास पूनिया थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

9.है0का0 अंकुर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

10.है0का0 मोतीलाल थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

11.है0का0 मोहित कुमार सर्विलांस सैल जनपद शामली।

12.है0का0 ललित शर्मा एसओजी टीम जनपद शामली।

13.है0का0 सुरेश कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

14.का0 मनीष कुमार सर्विलांस सैल जनपद शामली।

15.का0 सुशील बुटार सर्विलांस सैल जनपद शामली।

16.का0 मोहित सांगवान सर्विलांस सैल जनपद शामली।

17.का0 दीपक सिहं एसओजी टीम जनपद शामली।

18.का0 मनीष कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

19.का0 अनुज कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।

20.का0 दीपांकुर त्यागी एसओजी टीम जनपद शामली।

21.का0 रोहित कुमार एसओजी टीम जनपद शामली।



**<u>थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-</u>**

आज दिनांक 13.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.राजीव पुत्र मोहकम निवासी मौहल्ला सुभाषनगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री बन्टी सिंह थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2.का0 आकाश चौधरी थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।



**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>थाना झिंझाना पुलिस द्वारा अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध कच्ची शराब बरामदः-</u>**

आज दिनांक 13.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए गये अवैध शराब के अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>**

1.मनोज पुत्र साधूराम निवासी ग्राम डैरा भागीरथ थाना झिझाना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

1.अवैध 20 लीटर कच्ची शराब।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1.उ0नि0 श्री राघवेन्द्र सिंह थाना झिंझाना जनपद शामली ।

2.है0का0 अशोक कुमार थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.का0 सुरेन्द्र राणा थाना झिंझाना जनपद शामली।



**थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 01 किलो 500 ग्राम डोड़ा चूर्ण बरामदः-**

आज दिनांक 13.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 01 किलो 500 ग्राम डोडा चूर्ण (नशीला पदार्थ) सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.रवि पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.अवैध डोडा चूर्ण (नशीला पदार्थ) 01 किलो 500 ग्राम।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 सचिन कुमार प्रभारी चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.उ0नि0 सत्यवीर सिह चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.है0का0 मनोज कुमार चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.है0का0 मुकेश कुमार चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।

5.का0 नितिन कुमार चौकी चौसाना थाना झिंझाना जनपद शामली।



**<u>माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना "मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा ग्राम/कस्बा/मौहल्ला/शिक्षण संस्थानों इत्यादि पर भ्रमण/चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, वूमेन पावर लाइन-1090, यूपी-112, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया गया जागरूक:-</u>**

माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना "मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत आज दिनांक 13.10.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद शामली में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से श्रीमान पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में "मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, महिला ई-हाट योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**